सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंटआई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2025-26

कक्षा:-8	विषय: हिंदी कहानी संचय	पाठ:9 नहले पर देहला

प्रश्न 1. कुबड़ा अंधे से क्यो चिढ़ता था?

उत्तर – अंधा और कुबड़ा साथ-साथ भीख माँगने जाते थे। वह भीख माँग कर ही अपना पेट भरते थे। कुबड़ा देखता था कि अंधे को उससे ज्यादा पैसे मिलते हैं इसलिए कुबड़ा अंधे से चिढ़ता था।

प्रश्न 2. कुबड़ा अंधे के लिए क्या-क्या काम करता था

उत्तर- कुबडा अंधे के लिए सुबह जल्दी उठता और झाड़ू-बुहारी देकर रोटी बना देता था।

प्रश्न 3. कुबड़े ने अंधे को मारने के लिए क्या किया ?

उत्तर- कुबड़े ने अंधे को मारने के लिए उसे टीले से नीचे धकेल दिया और उसके खाने के लिए जहरीले साँप के टुकड़े कड़ाई में पकने के लिए रख दिए।

प्रश्न4. अंधे की आँखें कैसे ठीक हो गई ?

उत्तर- साँप के टुकड़ों के पकने से जो भाप उड़ी पूरी उसकी आँखों से लगातार पानी बहने लगा जिससे उसकी आंखें ठीक हो गई।

प्रश्न 5. कुबड़े का कुबड़ा कैसे ठीक हुआ?

उत्तर- कुबड़े की सच्चाई पता चलने पर अंधे ने एक मोटा डंडा पकड़ा और दरवाजे के पीछे छिपकर खड़ा हो गया। काफी रात के बाद जब कुबड़ा खुशी-खुशी घर लौटा और जैसे ही उसने दरवाजे के अंदर कदम रखा कि अंधे ने डंडे से धमाधम उसे पीटना शुरू कर दिया। पीट- पीटकर उसे नीचे गिरा दिया जिससे उसका कुबड़ ठीक हो गया।